धोखाधड़ी महिलाओं ने लगाए पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

ग्रामीण महिलाओं से धोखाधड़ी, बाउंस हो रहे चेक

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र स्थित विलायत कलां गांव की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने 'शक्ति महिला संघ बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित' नामक संस्था पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का आरोप है कि संस्था के संचालकों ने दैनिक जमा योजना के नाम पर उनसे लाखों रुपए ऐंठ लिए और परिपक्वता अवधि पूरी होने पर दफ्तर बंद कर भाग गए। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि रोजाना 100 रुपए जमा कराने का झांसा देकर सैकड़ों महिलाओं से पासबुक बनवाई गई थी। अवधि पूरी होने पर जब महिलाओं ने पैसे मांगे, तो संस्था के कर्मचारियों ने चेक थमा दिए। बैंक में लगाने पर सभी चेक बाउंस हो गए, क्योंकि संस्था के खाते में पैसे ही नहीं थे। महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में चेक बाउंस की प्रतियां भी सौंपी हैं। महिलाओं ने बताया कि 9 मार्च को बड़वारा थाने और 3 जुलाई को कटनी डीएसपी को शिकायत देने के बावजूद कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। आरोप है कि संस्था के कर्मचारी संजय सिंह ने पैसे मांगने पर धमकी दी और कानूनी प्रक्रिया में अड़ंगा लगाने की बात कही। पुलिस से मदद न मिलने पर महिलाओं को कलेक्ट्रेट का रुख करना पड़ा। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और पैसे वापस दिलाने की मांग की है।

वहीं जिले के आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिला प्रशासन का संवेदनशील और जनहितैषी स्वरूप देखने को मिला। जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 226 आवेदकों ने अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर आशीष तिवारी के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात पूरी गंभीरता, धैर्य और संवेदनशीलता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटाने, नक्शा सुधार एवं अन्य प्रकरण प्रमुख रहे। वहीं विद्युत विभाग से बिजली बिलों में त्रुटि सुधार, ट्रांसफार्मर बदलने, बिजली के खम्बे लगाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इसी प्रकार शिक्षा विभाग में स्कूल द्वारा छात्र की टीसी न देने, खाद्य विभाग में राशन डीलर द्वारा कम अनाज देने संबंधित, महिला एवं बाल विकास विभाग में लाडली बहना योजना की राशि दिलाने व पीएम आवास योजना की नई सूची में नाम जुड़वाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक जनहित के मामलों पर भी आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग में लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत और न्याय मिले। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों की मौजूदगी रही।

प्राथमिकता के आधार पर करें समस्याओं का निराकरण

जनसुनवाई में महापौर ने सुनीं समस्याएं, निराकारण के दिए निर्देश

नवभारत, कटनी। नगर निगम में मंगलवार को आयोजित की गई जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी को बताईं। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, राजस्व, अतिक्रमण सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर सुनवाई की गई। महापौर ने प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल और निर्धारित समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी और पारदर्शी समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। नागरिकों कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर आवेदकों को समय पर राहत प्रदान की जाए और प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे, जिससे नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। कई प्रकरणों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर कार्रवाई प्रारंभ कराई गई, जबकि गंभीर मामलों के जल्द निराकरण के लिए निर्देश दिए गए।

महापौर ने शहरवासियों से कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाली महापौर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें सीधे नगर निगम के समक्ष रखें।

उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को तत्काल, पारदर्शी जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

एक नजर में

कलेक्टर ने किया खाद्य विभाग में कार्य विभाजन

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य शाखा में सहायक और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों के बीच नवीन कार्यविभाजन किया गया है। जिलों से स्थानांतरित होकर आए अधिकारियों और पदोन्नत अधिकारियों की पदस्थापना के बाद जिला आपूर्ति अधिकारी रविकांत ठाकुर ने कलेक्टर के अनुमोदन से नवीन आदेश जारी किए हैं। नए आदेश के तहत अधिकारियों को उनके अनुभव और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे जिले में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कार्यों के संचालन में तेजी आएगी तथा आमजन से जुड़े मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा। सहायक आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र बर्मन को विजयराघवगढ़ क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही वे विधानसभा प्रश्नों से संबंधित कार्य, न्यायालयीन प्रकरणों में पक्ष समर्थन, सूचना का अधिकार प्रकरण, प्रथम, द्वितीय मंगलवार की जनसुनवाई सहित अन्य कार्यालयीन दायित्व निभाएंगे। सहायक आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी को बहोरीबंद क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें सीएम हेल्पलाइन के नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। अन्य अधिकारियों को दायत्वि सौंपे गए हैं।

वार्षिक उत्सव में होगा हवन-पूजन, भजन और भंडारा

श्रीसनातन धर्म पंजाबी मंडल मनाएगा 36वां वार्षिक उत्सव

नवभारत, कटनी। श्री सनातन धर्म पंजाबी मंडल माधव नगर कटनी द्वारा जगत जननी मां शेरावाली और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम दरबार में वार्षिक उत्सव मनाने के लिए वरिष्ठ समाजसेवी दादा झम्मटमल ठारवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। 25 जुलाई और 26 जुलाई दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। 25 जुलाई को सुबह साढ़े 7 बजे मंदिर प्रांगण से भगवान श्री रामचंद्र और मां शेरावाली के दरबार सजाकर विभिन्न सुंदर-सुंदर झांकियां के साथ शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ की जाएगी द्वितीय चरण में श्री संकट मोचन रामायण मंडली द्वारा पण्डित इन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। अगले दिन 26 जुलाई सुबह 10 बजे जिसका समापन होगा। जिसके बाद हवन पूजन और महिला मंडल द्वारा भजन, कीर्तन किया जाएगा। तृतीय चरण में कन्या भोज ब्राह्मण भोज के बाद आम भंडारा प्रारंभ होगा। आयोजक मंडल ने क्षेत्र की जनता से प्रसाद ग्रहण करने के लिए आव्हान किया है। चौथे चरण में 26 जुलाई की रात 10 बजे से माता रानी का विशाल देवी जागरण भक्ति भाव से एकता जागरण मंडल के राजू ग्रोवर, संजय नाकरा, युवा कलाकार नारायण कपूर होंगे।

पांच वर्ष के बच्चों की ई-केवायसी कराना अनिवार्य

नवभारत कटनी। जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि जिन बच्चों व सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उनका नाम उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन में प्रदर्शित नहीं होगा, जिससे उन्हें निर्धारित राशन प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए सभी हितग्राही समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी से पहले 5 वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चों का आधार बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) अपडेट होना अनिवार्य है। बायोमेट्रिक अपडेट होने के बाद नजदीकी उचित मूल्य (राशन) दुकान पर उपलब्ध पीओएस मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी आसानी से कराई जा सकती है।

ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था बदहाल, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

नवभारत, उमरियापान। जिले की ग्राम पंचायत पथवारी मे साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामवासियों ने जनपद पंचायत बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन सौंपकर पंचायत क्षेत्र में तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की अधिकांश गलियों और मोहल्लों में लंबे समय से गंदगी फैली हुई है। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरा जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण स्थिति और गंभीर होती जा रही है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। आवेदन में ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाकर गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की तत्काल सफाई कराई जाए, ताकि बरसात के मौसम में संभावित बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जनपद पंचायत प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करेगा। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में गदंगी होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

कार्यालय : प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)
फोन/ फैक्स : 07622 - 230418 ई-मेल : heggckat@mp.gov.in girlscollegekatni@yahoo.co.in
क्रमांक/स्था./शाकम/736/2026 :: निविदा-प्रकाशन :: कटनी, दिनांक :- 21/07/2026

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में आधुनिक तकनीक से शिक्षण व्यवस्था हेतु Interactive Smart Panel एवं अन्य संबंधित सामग्री क्रय हेतु MP Tender पोर्टल में निविदा लगाई गई है जिसकी Tender Reference Number 717/21.07.2026 एवं Tender ID-2026_HED_522715_1 है।

इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदाएं MP TENDER Portal पर Online 04 अगस्त 2026 तक आवेदन कर सकते है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी का होगा। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार की परिवर्तन होने पर इसकी सूचना महाविद्यालय की बेवसाईट के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

प्राचार्य,
शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी (म.प्र.)

माउंट आबू पहुंचकर श्रद्धालुओं के जत्थे ने लिया संतों का आशीर्वाद

पांचवें अंतर्राष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन का आयोजन

नवभारत, कटनी। हाउसिंग बोर्ड वैदिक कॉलोनी पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में पांचवें अंतर्राष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन उदयपुर में कटनी समाज के प्रमुख लोगों ने पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष नंदलाल टहलरामानी के साथ पहुंचकर सामाजिक उद्धार के लिए देश विदेश से पहुंचे।

सिंधी समाज के प्रमुख लोगों के साथ अपने विचार रखें। उदयपुर के साथ-साथ विश्व व्यापी कटनी जिले का आस्था का केंद्र माउंट आबू मैं भी जाकर संतों का आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर लोक चंद बुधवानी, अशोक पुरुस्वानी, राजकुमार चुघ, प्रकाश वाधवानी, रामचंद्र मूलवानी, सचचानद झामनानी, संतोष वाधवानी, मनोहर लाल पोपटानी, दयाल दास, रामचंद्र कटारिया, बीकचद थारवानी, रामचंद्र आहुजा ने सहभागिता समाज हित में पहुंच कर सामाजिक एकता का कटनी जिले से पहुंचकर नाम रोशन किया।

स्कूल की दीवार निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, बच्चों की सुरक्षा पर खतरा

सरकारी स्कूल की बाउंड्री निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरवारी के शासकीय प्राथमिक कन्या शाला भवन प्रांगण में बाउंड्रीवॉल निर्माण के नाम पर भारी अनियमितता बरतते हुए सरकारी बजट को ठिकाने लगाने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नई दीवार बनाने के बजाय पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों ने भ्रष्टाचार का ऐसा शॉर्टकट निकाला जो सीधे तौर पर स्कूली छात्राओं की सुरक्षा से खिलवाड़ है। शासकीय कन्या शाला परिसर की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए 15वें वित्त आयोग से बाउंड्रीवॉल निर्माण की स्वीकृति मिली थी। कार्य का बजट 5 लाख रुपए स्वीकृत हुआ था, जिसकी निर्माण एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत मुरवारी को बनाया गया था। सूचना पटल के अनुसार इस कार्य को 4 फरवरी 2026 से प्रारंभ किया जाना था। लेकिन नई बाउंड्रीवॉल का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल की लगभग 45 वर्ष पुरानी बाउंड्रीवॉल, जो पहले से ही जर्जर है, उसे गिराकर नई नींव डालने के बजाय उसी के ऊपर बिना किसी पिलर या मजबूत आधार के 2 फीट ऊंची नई चिनाई कर दी गई। इसी 2 फीट के काम को पूरा नया निर्माण दिखाकर कागजों पर समेटने की तैयारी कर ली गई। ग्रामीणों आरोप है कि उपयंत्री अनिल जाटव, सरपंच अजय कुमार पटेल और पंचायत सचिव शंकर साहू की आपसी साठगांठ से मूल्यांकन कर पास करा दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की सुरक्षा के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन पुरानी दीवार पर ही खानापूर्ति कर दी गई। उपयंत्री अनिल जाटव द्वारा इस भ्रष्टाचार को संरक्षण देते हुए मूल्यांकन पास किया गया है। हम इस निर्माण की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं।

जिले में 278 मिमी बारिश

नवभारत, कटनी। भू-अभिलेख अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 263.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 372.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 157.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 175.8 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 226.1 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 267.3 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 545.4 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा तहसील में 214.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

आयोजन श्री गहोई वैश्य महिला मनन संस्था के नए सत्र का शुभारंभ, सत्यनारायण कथा के साथ कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व

समाज सेवा, संगठन की मजबूती और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प

नवभारत, कटनी। श्री गहोई वैश्य महिला मनन संस्था के नवीन सत्र 2026-2028 का शुभारंभ भगवान श्री सत्यनारायण जी की पावन कथा, पूजन, हवन और आरती के साथ श्रद्धा, भक्ति, उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से संस्था ने नए सत्र की शुरुआत करते हुए समाज सेवा, संगठन की मजबूती, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन, संपूर्ण व्यवस्थाएं संस्था की सदस्याओं श्रीमती रेखा बिलैया, श्रीमती अंजू मसुरहा, श्रीमती अंजलि सरावगी, श्रीमती अपर्णा बिलैया, श्रीमती अन्नू सरावगी ने संभालीं। भगवान श्री सत्यनारायण की दिव्य कथा का वाचन परम आदरणीय आचार्य निलेश पाठक ने किया। कथा के दौरान उपस्थित महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का पूजन-अर्चन कर समाज, परिवार और संस्था की लगातार प्रगति और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर संस्था की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौदहा का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। वहीं नवीन सत्र 2026-2028 के लिए निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती अन्नू सरावगी का पुष्पमालाओं के साथ स्वागत और अभिनंदन किया गया। साथ ही नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कथा श्रवण, हवन और आरती में सहभागिता निभाई और प्रसाद ग्रहण किया।

धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से ओत-प्रोत इस आयोजन ने संस्था के नवीन सत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा, संगठनात्मक एकता और सेवा भावना के साथ नई दिशा प्रदान की। संस्था की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष अन्नू सरावगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सीमा लहरिया, कनिष्ठ उपाध्यक्ष किरण कुदरहा, सचिव जयंती खांताल, सह सचिव शोभा चौदहा, कोषाध्यक्ष अनिता कनकने, आय-व्यय मंत्री मानसी त्रिसौलिया, सह कोषाध्यक्ष गोल्डी, प्रचार मंत्री अंजू मसुरहा, मीडिया प्रभारी नेहा कुदरहा, संगठन मंत्री गीता चाची, कार्यालय मंत्री बबीता छिरौलिया, अंकेक्षक मंत्री मेनका कथरिया को बनाया गया है। संरक्षक सदस्य के रूप में उर्मिला रानी चौदहा, मिथलेश चौदहा, माया चौदहा, सुमन बरसैंया, सरोज चौदहा और इंद्रा खर्द को दायित्व सौंपा गया है। वहीं विशेष सलाहकार के रूप में रेखा सरावगी, ज्योति सरावगी, मधु तपा, अपर्णा बिलैया, जूही कनकने, सुचिता कुदरहा और रुचि चौदहा संस्था का मार्गदर्शन करेंगी।